‘हिन्दुस्तान’ की डांडिया नाइट में खूब करें मस्ती, बुक करें सपनों का घर

RATAN Quality. Commitment. Trust. Since 1968
Presents

हिन्दुस्तान उत्सव डांडिया Nights

कानपुर, प्रमुख संवाददाता। नवरात्र के अवसर पर इस बार भी शहरवासी गरबा और डांडिया की धुन पर थिरकते नजर आएंगे। रतन हाउसिंग एंड डेवलपमेंट प्रजेंट्स ‘हिन्दुस्तान डांडिया नाइट’ का भव्य आयोजन 19 अक्टूबर को लाजपत भवन, मोतीझील में आयोजित होगा। प्रतिभागियों को मनोरंजन के साथ आकर्षक पुरस्कार जीतने का मौका भी मिलेगा। इसके अलावा ‘रियल एस्टेट एंड ऑटो एक्सपो 2026’ में सपनों का घर और कार भी बुक कराने का मौका मिलेगा। एक्सपो सोमवार सुबह 11 बजे से, जबकि डांडिया नाइट की शुरुआत शाम सात बजे से होगी।

डीजे एना की धुन पर रेहान और श्रेया मचाएंगे धमाल: डांडिया नाइट पर डीजे एना की बीट्स पर वॉयस ऑफ यूपी की विजेता श्रेया शर्मा और रेहान अली अपने गानों से धमाल मचाने के लिए मौजूद रहेंगे।

- रियल एस्टेट एंड ऑटो एक्सपो का भी होगा आयोजन
- प्रतिभागियों के पास आकर्षक इनाम जीतने का भी मौका

यहां करें संपर्क
अधिक जानकारी के लिए **9936104748** पर कॉल करें

कार्यक्रम स्थल
लाजपत भवन लॉन, मोतीझील कानपुर

समय : 7 बजे शाम
तिथि : 19 अक्टूबर

टाइटल स्पांसर
रतन हाउसिंग
एसोसिएट्स पार्टनर
इंडियन ऑयल

ये भी हैं पार्टनर
- **कनेक्टिंग पार्टनर** : रेनू ब्रॉड बैंड
- **बेवरेज पार्टनर** : रंगबाज ड्रिंकिंग वॉटर
- **ऑटो मोबाइल** : स्वर्न टोयटा, एमजी, एनआरजे (ईवी), प्रताप ऑटो व्हील्स, एमसीएस हांडा
- **रियल स्टेट पार्टनर** : आनंद बिल्डर्स, एनआरआई सिटी, कामधेनु एनएक्सटी, पैशन ग्रुप, चित्रा रियिलिटी (आरडब्ल्यूआई)
- **चैनल पार्टनर** : न्यूज प्लस
- **फूड पार्टनर** : वीसीसी

हमारे पार्टनर
अशोक मसाले, नारायना ग्रुप, रामा यूनिवर्सिटी, आरएस इंस्टीट्यूट, वैष्णवी हास्पिटल, राही मेडिकल सेंटर, अंकित साड़ीज, मनोरमा एजुकेशन सेंटर, सुभाष गंगवार, हाकिम अलमीरा, मारुती नंदन, विदिशा, कपिला पशु आहार, ओपिल, चांदनी नर्सिंग होम, अपोलो ग्रुप, हरमिलाप मिशन स्कूल, एसके एसोसिएट्स, गार्डेनिया पब्लिक स्कूल, भारत न्यूज।



हिन्दुस्तान की यह पहल अच्छी है। एक ही छत के नीचे आवास व वाहनों की रेंज मिलेगी। - **संजय खत्री**, मैनेजिंग डायरेक्टर, रतन हाउसिंग



डांडिया नाइट का आकर्षण खास है। ‘रियल एस्टेट एंड ऑटो एक्सपो’ का लाभ भी मिलेगा। - **डॉ. प्रणव सिंह**, डायरेक्टर, रामा ग्रुप



कानपुर के लोगों को एक ही स्थान पर वाहनों व मकान की बुकिंग का मौका मिल सकता है। - **रविकांत वर्मा**, मैनेजिंग डायरेक्टर, रेनू ब्रॉड बैंड



हिन्दुस्तान डांडिया का आकर्षण रहा है। इस एक्सपो का इंतजार रहता है। - **सौरभ द्विवेदी**, चीफ डायरेक्टर, गार्डेनिया पब्लिक स्कूल



हिन्दुस्तान ने एक ही छत के नीचे सपनों के आवास और ऑटो एक्सपो का मौका दिया है। - **अमित नारायण**, चेयरमैन, नारायणा ग्रुप



डांडिया का आयोजन हर वर्ष हिन्दुस्तान कराता है, सबको मनोरंजन का मौका मिलता है। - **अंचल गुप्ता**, डायरेक्टर, अशोक मसाले

केले के छिलकों से बनेगी प्लास्टिक

कानपुर। हॉस्टल में बचे भोजन, नदियों में फेंके जाने वाले फूल, सड़कों पर पड़े फलों के छिलके से अब उपयोगी उत्पाद बनाए जाएंगे। इसकी पहल एचबीटीयू के छात्र-छात्राओं ने की है। विश्व खाद्य दिवस पर विवि के खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग और एएफएसटी (इंडिया) की ओर से इनोवेट विद वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने कई मॉडल प्रस्तुत किए।

शुभारंभ विवि के कुलपति प्रो. समशेर ने किया। प्रतियोगिता में छात्र आयुष तिवारी, कृष्णा शर्मा, शिवानी और वेदांत की टीम ने नारियल के रेशों व धान की भूसी से एथिलीन अवशोषित करने वाला पाउच तैयार किया। यह फलों से निकलने वाली एथिलीन गैस को सोखकर खराब होने से बचाता है।

महाना बोले-ढाई लाख खंभों की लाइटें क्यों बंद

समग्र विकास की बैठक में विधानसभा अध्यक्ष ने सही कराने के दिए निर्देश, सड़कों का काम भी दीवाली से पहले कराने को कहा

बैठक

कानपुर, प्रमुख संवाददाता। नवीन सभागार सरसैया घाट में शुक्रवार को हुई समग्र विकास की बैठक में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने करीब ढाई लाख खंभों पर लाइटें न होने पर हैरानी जताई। उन्होंने कहा दीवाली रोशनी का त्योहार है, इसलिए इन खंभों पर लाइटें लग जाएं। इसके अलावा जो खराब हैं, उन्हें सुधारा जाए। निर्देश दिए कि जिन सड़कों की हालत खराब है, वह दीवाली से पहले हर हाल में बन जाएं। बैठक से नदारद रहे करीब एक दर्जन अधिकारियों और कर्मचारियों से उन्होंने लिखित में स्पष्टीकरण मांगा है।

सीएम ग्रिड की सड़कों की कराई जाएगी जांच : सीएम ग्रिड के तहत बन रही सड़कों का बुरा हाल है। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि कुछ कामों का रिवैल्यूएशन हुआ है। उन्होंने सीएम कार्यालय से जांच कराने को कहा है। विधानसभा अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि सीएम ग्रिड के काम भी तेजी से कराए जाएंगे।

चिट्ठी-चिट्ठी न खेलें, लिखे तो पैरवी भी करें : बैठक में विधानसभा अध्यक्ष को जानकारी मिली कि हंसपुरम में सैंपवेल बनकर खड़ा है। पहले बिजली क्षमता कम थी तो जलकल की तरफ से क्षमता बढ़ाने के लिए पत्राचार किया गया। जब केस्को अधिकारियों से पूछा गया तो उन्होंने चिट्ठी की जानकारी न होने की बात कही। इस पर महाना ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि चिट्ठी-चिट्ठी का खेल बंद कीजिए, चिट्ठी लिख रहे हैं तो उसकी पैरवी भी करें।

बैठक से नदारद 12 अधिकारी और कर्मचारी : समग्र विकास की बैठक में मंडलायुक्त शामिल नहीं हुए। उनकी तरफ से जानकारी दी गई कि वह शासन की किसी बैठक में गए हैं। डीएम महेन्द्र सिंह तंवर भी नहीं थे, हालांकि उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष को पूर्व में मैसेज भिजवा दिया था कि उन्हें हाईकोर्ट में किसी मामले की सुनवाई में जाना था। बैठक शुरू हुई तो रिंग रोड का मामला पहले उठा। बताया गया कि पांच अलग-अलग पैकेज में 42 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। महाना ने बचा काम समय से पूरा कराने और मेट्रो निर्माण के दौरान क्षतिग्रस्त सड़कों, नालों, सीवर और पानी की लाइनों की शीघ्र मरम्मत कराने को कहा। पता चला एनएचएआई के परियोजना निदेशक पंकज यादव समेत 12 अधिकारी व कर्मचारी गायब हैं। इस पर महाना ने सीडीओ अभिनव जे. जैन को निर्देशित किया सभी से लिखित स्पष्टीकरण लेकर उन्हें भी अवगत कराएं।

सनिगवां की केडीए कालोनी जल्द हैंडओवर होगी : सनिगवां की केडीए कॉलोनी को लेकर पेंच फंसा था। केडीए को जलकल को 40 करोड़ रुपये देने थे। जल्द जलकल केडीए को कालोनी हैंडओवर कर देगा।



नवीन सभागार सरसैया घाट में शुक्रवार को हुई समग्र विकास की बैठक में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व अन्य लोग मौजूद रहे।

जयपुरिया पुल सांप-सीढ़ी जैसा, पढ़े-लिखे इंजीनियरों ने तो नहीं बनाया होगा

सेतु निगम के अधिकारियों के कामों की समीक्षा के दौरान विधानसभा अध्यक्ष को जानकारी दी गई कि एलिम्को के पास फुट ओवरब्रिज के निर्माण में फाउंडेशन का काम पूरा हो चुका है। धोबी घाट-रानी घाट से ट्रांसगंगा सिटी तक प्रस्तावित पुल से प्रभावित और विस्थापित होने वाले परिवारों को शीघ्र मुआवजा देने के निर्देश दिए गए। सेतु निगम के अधिकारियों ने सरैया क्रॉसिंग पर निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज का काम इसी माह शुरू होने की संभावना जताई। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने जयपुरिया पुल का मुद्दा उठाया और कहा कि सांप-सीढ़ी जैसा पुल बना दिया है। यह पढ़े-लिखे इंजीनियरों ने तो नहीं बनाया होगा।

ये निर्देश भी दिए
- पटाखा बाजारों में सुरक्षा की जांच कराई जाए, पर्याप्त अग्निशमन इंतजाम और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करें।
- डोमनपुर-गढ़ेवा पुल, एलिवेटेड कॉरिडोर, मेगा लेदर क्लस्टर, सैबसी झील संरक्षण, सचौली पुल और सरायंमीता में शुद्ध पेयजल आपूर्ति से जुड़ी परियोजनाओं का काम पूरा करें।
- केडीए की आवासीय कॉलोनियों की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने तथा सबस्टेशन बनने के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली समस्याओं को दूर करें।
- विद्युत विभाग और यूपीसीडा को समन्वय से काम करने के निर्देश दिए। रूमा औद्योगिक क्षेत्र की समस्याएं दूर करने को कहा।

नगर निगम के भ्रष्टाचार पर बोले-इंतजार करें

विधानसभा अध्यक्ष से नगर निगम के भ्रष्टाचार को लेकर सवाल किया गया। इस पर उन्होंने कहा कि वह खुद चाहते हैं कि भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई हो। उन्होंने कहा सीएम इसकी जांच करा रहे हैं। एसआईटी गठित है। रिपोर्ट आने दीजिए, जो भी रिपोर्ट में आएगा, उसके आधार पर कार्रवाई होगी।

मैथानी ने उठाए कई खास मामले
- सरायंमीता गांव पनकी में अमोनिया युक्त पानी से निजात दिलाई जाए।
- छठ पूजा के लिए दीवाली से पहले सभी घाटों का निर्माण व जीर्णोद्धार कराया जाए।
- तात्या टोपे नगर के बड़े मॉडल पार्क का निर्माण शुरू कराया जाए

राहुल बच्चा ने उठाईं समस्याएं
- नेशनल हाईवे के पास उत्तरीपुरा में ड्रेन का स्लोप गलत है, जहां जलभराव होता है।
- बीरामऊ और सकरेल समेत अन्य गांवों में पेयजल की समस्या।
- सीएनजी बसों का आवागमन एक साल से ठप नई बसें चलाई जाएं।
- विकास निधी से बिजली विभाग के कराए गए कार्यों में देरी होती है।

12 अधिकारी और कर्मचारी बैठक से रहे नदारद सभी से स्पष्टीकरण तलब किया महाना ने

बैठक में जनप्रतिनिधियों समेत कई विभागों के अफसरों की भागीदारी

महापौर प्रमिला पांडेय, विधायक सुरेंद्र मैथानी, नीलिमा कटियार, राहुल बच्चा सोनकर, विधान परिषद सदस्य सलिल विश्नोई, जिला पंचायत अध्यक्ष व प्रशासक स्वप्निल वरुण, सीडीओ अभिनव जे. जैन, केस्को प्रबंध निदेशक नेहा जैन, नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय, केडीए उपाध्यक्ष अंकुर कौशिक सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

शहर 30s

जरीब चौकी पर 10 फीट धंसी जीटी रोड

कानपुर। जीटी रोड पर जरीब चौकी के पास शुक्रवार दोपहर 10 फीट गहरी सड़क धंसने से यातायात प्रभावित हो गया। सीसामऊ थाने के पीछे सड़क पर करीब दो फीट चौड़ा गड्ढा होने से आसपास की सड़क भी चटक गई। व्यस्त मार्ग पर हादसे की आशंका को देखते हुए पीडब्ल्यूडी-एनएच के अभियंताओं ने मौके पर पहुंचकर बैरिकेडिंग कराई। रात में गड्ढे की मरम्मत का काम शुरू होगा।

डांडिया रास में जमकर मचाया धमाल

कानपुर। अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन के डांडिया रास’ में जमकर धमाल मचाया। रंग-बिरंगी रोशनी, लाइव डीजे म्यूजिक और एंकर श्वेता की शानदार प्रस्तुति ने शाम को यादगार बना दिया। शुभारंभ संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंकुर मित्तल ने दीप जलाकर किया। यहां सुशील अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, विनीता अग्रवाल, आदित्य पोद्दार, सीमा गुप्ता, अनुज साहू, सुनैना, अनूप कुमार गुप्ता रहे।

निजीकरण के विरोध में बांधी काली पट्टी

कानपुर। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर शुक्रवार को बैंककर्मियों ने आईडीबीआई बैंक के निजीकरण के विरोध में काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया। नगर संयोजक रजनीश गुप्ता ने कहा कि सरकार बैंक में अपनी हिस्सेदारी बेचने पर विचार कर रही है। यहां प्रवीण मिश्रा, जय प्रकाश मिश्रा, मनोज तिवारी, अंकुर द्विवेदी, नितिन शर्मा, अनिल सोनकर, सुनील शुक्ला रहे।

अन्नू पिस्टल की तलाश में पुलिस की दबिश

कानपुर। चमनगंज के टॉप-10 अपराधी व हिस्ट्रीशीटर अनस उर्फ अन्नू पिस्टल की धरपकड़ के लिए सिद्धार्थनगर पुलिस ने शुक्रवार को उसके घर समेत अन्य ठिकानों में छापेमारी की। हालांकि, हिस्ट्रीशीटर मौका पाकर फरार हो गया। चमनगंज थाने से जांच-पड़ताल के बाद टीम लौट गई। चमनगंज थाना प्रभारी रिकेश कुमार सिंह ने बताया कि सिद्धार्थनगर पुलिस ने छापेमारी की थी।

टैक्स सलाह देने भर से सीए दोषी नहीं हो जाता

कानपुर। किसी कारोबारी को टैक्स संबंधी सलाह देने भर से चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) को अपराध में भागीदार नहीं माना जा सकता। शुक्रवार को कानपुर जीएसटी सीए एसोसिएशन की ओर से गंगेज क्लब में आयोजित संगोष्ठी में विशेषज्ञों ने इन अहम मुद्दों पर चर्चा की। वरिष्ठ सीए धर्मेंद्र श्रीवास्तव सीए शिशिर शुक्ला, पूजा श्रीवास्तव, शैलेश शर्मा, संजय अग्रवाल, राजेश कनोडिया रहे।

सभी 10 भूमिगत स्टेशनों पर चली मेट्रो

कानपुर। कानपुर मेट्रो के दोनों कॉरिडोर के सभी 10 भूमिगत स्टेशनों पर मेट्रो दौड़ गई है। सुरंगी मेट्रो नेटवर्क में मेट्रो का ट्रायल और टेस्ट रन पूरा कर लिया गया है। कॉरिडोर-1 और कॉरिडोर-2 के कुल 29 मेट्रो स्टेशनों में साढ़े 13 किमी का रूट भूमिगत हिस्सा है। आईआईटी से नौबस्ता तक कॉरिडोर-1 के पांच भूमिगत स्टेशनों पर पहले से यात्री सेवाएं चल रही हैं।

मतदाता सूची का बूथ स्तर पर सत्यापन करेंगे

कानपुर। मतदाता सूची के विशेष अभियान को लेकर समाजवादी पार्टी नगर ने शुक्रवार को नवीन मार्केट स्थित कार्यालय में बैठक की। नगर अध्यक्ष फजल महमूद ने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देश पर 17 और 24 अक्टूबर को सुबह 10 से शाम चार बजे तक प्रत्येक बूथ पर बीएलओ फार्म-6 और पूरक मतदाता सूचियों के साथ मौजूद रहेंगे। संजय सिंह बंटी, नगर उपाध्यक्ष शैलेंद्र आदि रहे।

आज मनाया जाएगा पिंक समाधान दिवस

कानपुर। तहसील में समाधान दिवस को अबकि बार मिशन शक्ति के तहत पिंक समाधान दिवस के तौर पर मनाया जाएगा। शिकायतकर्ताओं में आधी आबादी द्वारा जो शिकायत लाई जाएगी। उसे प्रमुखता से सुनकर उसे तत्काल निस्तारित करने का प्रयास अधिकारियों का होगा। इसे लेकर डीएम महेन्द्र सिंह तंवर ने निर्देश जारी कर दिए हैं। डीएम महेंद्र सिंह तंवर शनिवार को बिल्हौर में मौजूद रहेंगे।

18 को मतदेय स्थलों का भौतिक सत्यापन

कानपुर। कानपुर की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदेय स्थलों के भौतिक सत्यापन पुनर्निर्धारण और पुनर्व्यवस्थापन की प्रक्रिया निर्धारित समय पर ही होगी। मतदेय स्थलों का भौतिक सत्यापन, पुनर्निर्धारण और नए मतदेय स्थल स्थापित करने के लिए भवनों का चिह्नांकन 18 अक्टूबर तक किया जाएगा। मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची 19 अक्टूबर को प्रकाशित की जाएगी।

उद्योगों के अनुरूप व्यावहारिक प्रशिक्षण जरूरी

कानपुर। सीएसजेएमयू में कुलपति की पहल पर संचालित इंडस्ट्री-एकेडेमिया कार्यक्रम के तहत उद्योगपति एवं लोहिया समूह के चेयरमैन राजकुमार लोहिया ने यूआईईटी का भ्रमण किया। कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कहा कि छात्रों को कक्षा के ज्ञान के साथ-साथ उद्योगों की वास्तविक आवश्यकताओं के अनुरूप व्यावहारिक प्रशिक्षण जरूरी है। प्रो. आलोक कुमार, प्रो. दीपक वर्मा आदि रहे।

महिलाओं ने सीखा आत्मनिर्भर बनने का तरीका

कानपुर। महिलाओं को हुनर के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से क्लब एंजेल्स की ओर से अभियान चलाया गया। प्रेसिडेंट कंचन गुप्ता ने बताया कि इस पहल के माध्यम से 150 से अधिक महिलाओं को निःशुल्क ब्यूटी एवं ग्रूमिंग कौशल सीखने का अवसर दिया गया। प्रशिक्षण में मेकअप, मेहंदी, स्किन केयर, हेयर स्टाइलिंग आदि की बारीकियां सिखाई गईं।

‘महाना जी मेरी जमीन बचा लीजिए वरना जान दे दूंगा’

कानपुर, प्रमुख संवाददाता। नवीन सभागार में समग्र विकास की बैठक के बाद पटकापुर निवासी ज्ञानेश दीक्षित ने जमकर हंगामा किया। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष के सामने हाथ जोड़कर कहा- ‘महानाजी मेरी जमीन बचा लीजिए। नर्वल के सिखटियापुरवा गांव में स्थित पुश्तैनी जमीन (चार बीघा) पर एक विधायक के रसूखदार साथी ने कब्जा करा दिया है। दो साल से मैं परेशान हूं। न पुलिस सुन रही है न कोई अधिकारी। कब्जा करने वाले कह रहे हैं कि 15 प्रतिशत ले लो और चुप बैठ जाओ। अगर सुनवाई नहीं हुई तो मैं परिवार सहित आत्महत्या करने को विवश हो जाऊंगा’। विधानसभा अध्यक्ष ने सीडीओ को मामले में निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।



पीड़ित ज्ञानेश दीक्षित।

नमी से बिजली बनाएगी हाइड्रोजेल तकनीक

- एचबीटीयू के वैज्ञानिक डॉ. एसवीएआर शास्त्री को मिला पेटेंट
- हाइड्रोजेल और नमी के अंतर से आयनों की गति के जरिए बनेगी बिजली

कानपुर, प्रमुख संवाददाता। वातावरण में मौजूद नमी से अब बिजली पैदा होगी। एचबीटीयू के वैज्ञानिकों ने विशेष तकनीक विकसित की है। हाइड्रोजेल आधारित यह उपकरण कम ऊर्जा पर चलने वाले वेअरबल्स और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) डिवाइस को बिजली देने के लिए विकसित किया गया है। इसकी खासियत है कि यह वातावरण की नमी का उपयोग करके ऊर्जा पैदा कर सकता है। इसकी मदद से भविष्य में ऐसे छोटे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के लिए बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था विकसित होगी। विवि को 15 अक्तूबर को भारत सरकार से इसका पेटेंट मिल गया है।

एचबीचीयू के डॉ. एसवीएआर शास्त्री की अगुवाई में डॉ. श्रवण कुमार, मानसी तिवारी, स्वाति पटेल, पूजा सिंह व काजल सिंह ने यह तकनीक विकसित की है। डॉ. शास्त्री ने बताया कि इस तकनीक में हाइड्रोजेल का इस्तेमाल किया गया है, जो वातावरण से नमी सोखने में सक्षम होता है।

यूको बैंक UCO BANK सम्मान आपके विश्वास का Honours your trust
अंचल कार्यालय : 75/4, सिद्धी सदन, हालसी रोड बादशाही नाका पुलिस स्टेशन के पास, कानपुर – 208001 E-mail : zokanpur.rec@uco.bank.in

अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु विक्रय [नोटिस नियम 8(6) का परन्तुक देखें]

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस।

आम लोगों (पब्लिक) को एवं विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) एवं गारंटर(ओं) को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति/सम्पत्तियाँ जो प्रतिभूत लेनदार **यूको बैंक** के पास प्रभारित/गिरवी हैं, का कब्जा प्रतिभूत लेनदार **यूको बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है और जिसे/जिन्हें उधारकर्ता(ओं) एवं गारंटर(ओं) की प्रतिभूत लेनदार **यूको बैंक** के प्रति देय बकाया धनराशि की वसूली हेतु **“जैसा है जहाँ है”**, **“जैसा है वैसा है”** एवं **“जो कुछ भी है”** के आधार पर दिनांक 17-11-2026 को बेचा जायेगा। विवरण निम्नवत् है:

शाखा :- फर्रुखाबाद (1046), जिला–फर्रुखाबाद; सम्पर्क नं.:- +91-7398068882, +91-8789356663; Email Id:- farruk@ucobank.co.in, zokanpur.rec@ucobank.co.in					
1.	**ऋणी : श्री राम किशुन पुत्र हरिवंश** **पता :** ग्राम- नेकपुर खुर्द आवाजपुर फर्रुखाबाद उ.प्र.-209625 **गारंटर :** **श्रीमती सुनीता पत्नी राम किशुन** **पता :** ग्राम- नेकपुर खुर्द आवाजपुर फर्रुखाबाद उ.प्र.-209625	17.10.2025 / 14.01.2026 (प्रतीकात्मक कब्जा)	सम्पत्ति के सभी भाग जिसमें **40.50 वर्ग मीटर** की भूमि एवं भवन शामिल हैं। बही संख्या **1,** वाल्यूम सं. **10446,** पेज सं. **325-340,** क्रम सं. **1646** पर दिनांक **10.02.2020** को **सब-रजिस्ट्रार ऑफिस तहसील सदर एवं जि फर्रुखाबाद** पर पंजीकृत की गई है। जो **मौजा नेकपुर खुर्द परगना-पहाड़ा, तहसील-सदर, जिला फर्रुखाबाद** पर स्थित है। और जो सम्पत्ति **श्री राम किशुन पुत्र हरिवंश** के नाम पर है। और जो **ग्राम-नेकपुर खुर्द आवाजपुर फर्रुखाबाद उ.प्र.-209625** के निवासी है। **सीमाओं का विवरण (विलेख के अनुसार) पूर्व :** घनश्याम की संपत्ति, **पश्चिम :** विक्रेता की संपत्ति, **उत्तर :** झब्बूलाल का मकान, **दक्षिण :** 12 फीट चौड़ी सड़क, ज्ञात भार, यदि काई है . **शून्य**	दिनांक 13.10.2026 तक **रु. 5,11,090.25/-** (रूपये पाँच लाख ग्यारह हजार नब्बे एवं पैसा पच्चीस मात्र) साथ ही लागू न किया गया ब्याज एवं अन्य शुल्क	रू. **3,34,000/-** / रू. **33,400/-**
शाखा :- फर्रुखाबाद (1046), जिला–फर्रुखाबाद; सम्पर्क नं.:- +91-7398068882, +91-8789356663; Email Id:- farruk@ucobank.co.in, zokanpur.rec@ucobank.co.in					
2.	**ऋणी : मेसर्स आलोक ट्रेडर्स** (प्रो. श्री आलोक कुमार गुप्ता पुत्र श्री महेंद्र कुमार गुप्ता) **पता :** नवीन मंडल स्थल मोहम्मदाबाद, फर्रुखाबाद, उ.प्र.-206451 प्रोपराईटर : श्री आलोक कुमार गुप्ता पुत्र श्री महेंद्र कुमार गुप्ता **पता :** 832 कबीर नगर मोहम्मदाबाद फर्रुखाबाद-206451 **गारंटर : श्रीमती संगीता पत्नी श्री आलोक कुमार गुप्ता** **पता :** 832 कबीर नगर मोहम्मदाबाद फर्रुखाबाद	11.06.2026 / 20.08.2026 (प्रतीकात्मक कब्जा)	सम्पत्ति के सभी भाग जिसमें **110.49 वर्ग मीटर** की गाँव गैसिंगपुर, परगना – मोहम्मदबाद, तहसील – सदर, जिला – फर्रुखाबाद में स्थित है। बुक संख्या **1,** वाल्यूम संख्या **10612,** पेज संख्या **163-180** पर क्रम संख्या **5732** के तहत दर्ज है। दिनांक **06/07/2020** को सब-रजिस्ट्रार ऑफिस, फर्रुखाबाद तहसील सदर, जिला फर्रुखाबाद पर पंजीकृत की गई है। सम्पत्ति **श्रीमती संगीता पत्नी श्री आलोक कुमार गुप्ता** **सीमाओं का विवरण (विलेख के अनुसार) :** **पूर्व :** गुड्डू का खेत, **पश्चिम :** बेवर भोलेपुर रोड, **उत्तर :** जगदीश का प्लॉट, **दक्षिण :** विक्रेता की जमीन, ज्ञात भार, यदि काई है . **शून्य**	दिनांक 13.10.2026 तक **रु. 43,69,906.35/-** (रूपये तैंतालीस लाख उनहत्तर हजार नौ सौ छह एवं पैसा पैंतीस मात्र) साथ ही लागू न किया गया ब्याज एवं अन्य शुल्क	रू. **28,07,000/-** / रू. **2,80,700/-**
दिनांक :- 14.10.2026		**स्थान : फर्रुखाबाद**		**प्राधिकृत अधिकारी (यूको बैंक)**	
शाखा :- बड़ा बाजार (1046), जिला–झांसी; सम्पर्क नं.:- +91-9651042174, +91-8789356663; Email Id:- jhansi@ucobank.co.in, zokanpur.rec@ucobank.co.in					
3.	**ऋणी : मेसर्स सैफ चूड़ी कॉर्नर,** (प्रो. श्री **मोहम्मद अफाक पुत्र श्री इशाक खान)** **पता :** 88, हिंगन कटरा, गांधीगर का टपरा झांसी उ.प्र.-284002 **प्रो. श्री मोहम्मद अफाक पुत्र श्री इशाक खान** **पता :** मकान सं. 330 मुकर्याना झांसी उ.प्र. -284002 **गारंटर : मोहम्मद महमूद पुत्र श्री इशाक खान** **पता :** मकान सं. 330, मुकर्याना, झांसी	08.05.2026 / 11.09.2026 (प्रतीकात्मक कब्जा)	सम्पत्ति के सभी भाग जिसमें **92.70 वर्ग मीटर** की भूमि एवं भवन शामिल है। बही संख्या 1, जिल्द सं. 5293, पेज सं. **59 से 74,** क्रम सं. **2033** पर दिनांक **02.03.2013** को **सब-रजिस्ट्रार - । झांसी** पर पंजीकृत की गई है। जो कि **मौजा झांसी खास दतिया गेट के बाहर आबादी, फिल्टर रोड, परगना एव तहसील झांसी,** और जो **श्री मोहम्मद महमूद पुत्र श्री इशाक** के नाम पर है। और जो **330, मुकर्याना, झांसी** के निवासी है। **चौहद्दी का विवरण (डीड के अनुसार) :-** **पूर्व :** श्यामलाल का मकान, **पश्चिम :** रास्ता 12 फिट, **उत्तर :** दतिया गेट से फिल्टर रोड, **दक्षिण :** प्रेम कुशवाहा का मकान ज्ञात भार, यदि काई है . **शून्य**	दिनांक 13.10.2026 तक **रु. 7,44,552.73/-** (रूपये सात लाख चौवालीस हजार पाँच सौ बावन एवं पैसा तिहत्तर मात्र) साथ ही लागू न किया गया ब्याज एवं अन्य शुल्क	रू. **23,80,000/-** / रू. **2,38,000/-**
दिनांक :- 14.10.2026		**स्थान : कानपुर**		**प्राधिकृत अधिकारी (यूको बैंक)**	

निरीक्षण दिनांक 01.11.2026 प्रातः 11:00 बजे से 16.11.2026 अपराह्न 12:00 बजे तक | बोली के लिए बयाना राशि जमा करने की अन्तिम तिथि :- 16.11.2026 अपराह्न 12.00 बजे तक (भारतीय मानक समयानुसार) ई-नीलामी की तिथि एवं समय :- 17.11.2026 सायं: 01.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक (भारतीय मानक समयानुसार) जहाँ प्रत्येक 10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ बोली बढाने की राशि रू 10,000/- होगी

विक्रय के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया वेबसाइट https://baanknet.com पर जायें।

नोट:– इस नोटिस के हिंदी और अंग्रेजी संस्करण क्रमशः हिंदी और अंग्रेजी समाचार पत्रों में प्रकाशित किए जा रहे हैं। यहाँ यह स्पष्ट किया जाता है कि नोटिस के हिंदी और अंग्रेजी संस्करण में किसी प्रकार के विरोधाभास की स्थिति में, नोटिस का अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

UPSIDA कार्यालय वरिष्ठ प्रबन्धक (सिविल), निर्माण खण्ड–8
उ.प्र. राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण
ए–1/4, लखनपुर, कानपुर

ई–निविदा सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है, कि निम्नांकित तालिका में अंकित, प्राधिकरण के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों के अन्तर्गत विकास/अनुरक्षण कार्यों हेतु सरकारी विभागों/सार्वजनिक उपक्रमों/निगमों/प्राधिकरणों/परिषदों/नगर निकायों में अर्ह श्रेणी में पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों से ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है, जिसको अपलोड करने की समय सीमा निम्नवत् है :–

क्रम सं0 01 पर अंकित निविदा दिनांक 17.10.2026 को अपरान्ह 5.00 बजे से दिनांक 23.10.2026 को अपरान्ह 5.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है, जिन्हें दिनांक 23.10.2026 को अपरान्ह 5.30 बजे खोला जायेगा।

निविदादाताओं द्वारा केवल शपथपत्रों की मूल प्रतियॉं निविदा खोलने की तिथि तक ही कार्यालय में जमा की जा सकेंगी। ई–निविदा के माध्यम से आमंत्रित की जाने वाली निविदाओं का विवरण निम्नवत् है:–

क्रमांक	कार्य का नाम	कार्य की लागत रू0 (लाख में)
1	Annual Maintenance works for (AMC for one year) at Industrial Area GC Jainpur in Distt. Kanpur Dehat	62.05

नोट:– The Tenderer shall quote their rates in financial bid inclusive all taxes except G.S.T., GST shall be payable extra, as applicable.

निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्राधिकरण की website: **www.onlineupsidc.com** पर स्थित ई–लिंक एवं यूपीएलसी की website: **http://etender.up.nic.in** पर देखी जा सकती है। अन्य जानकारी हेतु कार्यालय के वरिष्ठ प्रबन्धक (अभि0) के मोबाइल नं0 7881104044 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

वरिष्ठ प्रबन्धक (सिविल)
निर्माण खण्ड–8

कानपुर विकास प्राधिकरण

सार्वजनिक सूचनाः एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड/भवन संख्या – 621/28 व 29, ब्लाक– डब्लू, स्कीम–2, जूही कलां, कानपुर नगर के भू–स्वामी श्री रवि सतीजा पुत्र स्व0 सोमदेव सतीजा द्वारा EXISTING/मिश्रित उपयोग क्रिया हेतु क्षेत्रफल–786.75 वर्ग मीटर पर शमन मानचित्र स्वीकृत किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। नियोजन अनुभाग की आख्या दिनांक–01.08.2026 के अनुसार प्रस्तुत तलपट मानचित्र तथा प्रस्तुत लोकेशन में कानपुर महायोजना–2021 के अनुसार भू–उपयोग आवासीय दर्शित है। उक्त रोड पर बाजार स्ट्रीट दर्शित नहीं है। अभिलेखों के अनुसार स्थल के सम्मुख 30.48 मी0 एवं 9.00 मी0 चौड़ा मार्ग दर्शित है, जो कि कार्नर का भूखण्ड है। पूर्व में उक्त भूखण्ड का आवासीय भवन मानचित्र परमिट संख्या–86/756/भवन/2004–05 दिनांक 06.07.2010 के द्वारा स्वीकृत है। वर्तमान में प्रभावी मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा मॉडल जोनिंग रेगुलेशन्स 2025 के प्रस्तर–15.3.2 के मैट्रिक्स 2.6 के अनुसार होटल, मैट्रिक्स–5.6 के अनुसार चिकित्सा क्लीनिक आदि एवं मैट्रिक्स 4.2 के अनुसार बैंक आदि प्रमुख भू–उपयोग जोन्स में क्रियाओं की अनुमन्यता हेतु ‘आवासीय’ भू–उपयोग में ‘मिश्रित उपयोग’ क्रिया अनुमन्य है। मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा मॉडल जोनिंग रेगुलेशन्स 2025 के प्रस्तर 15.1.3 (iv) के अनुसार महायोजना भू–उपयोग अथवा अनुमोदित ले आउट में परिभाषित भू–उपयोग के अतिरिक्त अन्य क्रियाओं की अनुज्ञा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जनता से आपत्तियां/सुझाव आमंत्रित करने के उपरान्त दी जायेगी। मानचित्र स्वीकृति से पूर्व प्राविधानों के अनुसार 15 दिन की समयावधि जन सामान्य से आपत्ति /सुझाव आमन्त्रित किये जाते हैं। यदि किसी व्यक्ति /संस्था को आपत्ति /सुझाव देना हो तो विशेष कार्याधिकारी प्रवर्तन (जोन–3) कानपुर विकास प्राधिकरण, कानपुर के कार्यालय में लिखित रूप से उक्त सूचना के प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर आपत्ति /सुझाव प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के उपरान्त प्राप्त किसी भी आपत्ति/ सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा। **सचिव, कानपुर विकास प्राधिकरण**